भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 13.04.2023

रोजगार मेला में आरेडिका के चार लोगों को मिला नियुक्ति पत्र

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13.04.2023 को सरकार के 45 विभागों में 71 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गये। इनमें आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के 4 लोगों को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये हैं।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि, कोविड के कारण दुनिया के देशों की अर्थव्यवसथाएँ गिर रही हैं। वहीं भारत की अर्थव्यवस्था तेज गति से आगे बढ़ रही है। जो अपने हर क्षेत्र में प्रगति कर रही है, जैसे ड्रोन, स्पोर्ट, डिफेंस, मोबाइल,रेलवे, हवाई जहाज, चिकित्सा, रेलवे कृषि इत्यादि सहित सभी सेक्टर। इस प्रगति से देश में रोजगार की लाखों नई–नई संभावनाएँ और अवसर पैदा हो रहे हैं।

माननीय मोदी जी ने नियुक्ति पाने वाले लोगों को बहुउपयोगी सुझाव देते हुए कहा कि आप रेलवे, शिक्षा, बैंकिंग आदि क्षेत्रों से जुड़कर इस अमृत काल में देश के विकास में अपना योगदान देगें, हमें यह बात हमेशा ध्यान में रखनी चाहिए कि जिन समस्याओं से हम गुजरे हैं उनसे कोई और न गुजरे, हमें इस प्रकार से काम करना है जिससे मानव जीवन बेहतर बने और लोगों का सरकार में भरोसा बढ़े।

आरेडिका के जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जी के सम्बोधन का लाइफ टेलीकास्ट दिखाया गया एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के बहुपयोगी सुझावों से प्रेरणा ग्रहण कर अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने सभी नियुक्ति पाने वाले युवाओं को बधाई दी एवं प्रधान मंत्री जी के संदेश को अपने जीवन में अपनाने सलाह दी।

13.4.2023

(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी